**U0KV3YB**

# संकलित परीक्षा - II (2016-17)

## हिन्दी 'ब'

## कक्षा - IX

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं - **क, ख, ग** और **घ।**

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

**खण्ड क ( अपठित बोध )**

1 **निम्नलिखित** गद्यांश **को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2x5=10)** 10

जब कोई युवा अपने घर से बाहर निकल कर बाहरी संसार में अपनी स्थिति जमाता है, तब पहली कठिनता उसे मित्र चुनने में पड़ती है। यदि उसकी स्थिति बिल्कुल एकांत और निराली नहीं रहती तो उसकी जान-पहचान के लोग धड़ाधड़ बढ़ते जाते हैं, और थोड़े ही दिनों में कुछ लागों से उसका मेल-जोल हो जाता है। यही हेल-मेल बढ़ते-बढ़ते मित्रता के रूप में परिणत हो जाता है। मित्रों के चुनाव की उपयुक्तता पर उसके जीवन की सफलता निर्भर हो जाती है, क्योंकि संगति का बड़ा भारी गुप्त प्रभाव हमारे आचरण पर पड़ता है। हम लोग ऐसे समय में समाज में प्रवेश करके अपना कार्य आरंभ करते हैं, जबकि हमारा चित्त कोमल और हर तरह का संस्कार ग्रहण करने योग्य रहता है। हमारे भाव अपरिमार्जित और हमारी प्रवृत्ति अपरिपक्व रहती है। हम लोग कच्ची मिट्टी की मूर्ति के समान रहते हैं, जिसे जो जिस रूप में चाहे, उस रूप मं ढाले, चाहे राक्षस बनाए, चाहे देवता।

ऐसे लोगों का साथ करना हमारे लिए बुरा है, जो हमसे अधिक दृढ़ संकल्प के हैं, क्योंकि हमें उनकी हर बात बिना विरोध के मान लेनी पड़ती है।पर ऐसे लोगों का साथ करना और भी बुरा है, जो हमारी ही बात को ऊपर रखते हैं, क्योंकि ऐसी दशा में न तो हमारे ऊपर कोई नियंत्रण रहता है और न हमारे लिए कोई सहारा रहता है। कैसे आश्चर्य की बात है कि लोग एक घोड़ा लेते हैं तो उसके सौ गुण-दोष को परख कर लेते हैं, पर किसी को मित्र बनाने में उसके पूर्व आचरण और स्वभाव आदि का कुछ भी विचार और अनुसंधान नहीं करते। वे उसमें सब बाते अच्छी ही अच्छी मानकर अपना पूरा विश्वास जमा देते हैं।

(क) जब कोई युवा अपने घर से बाहर निकलता है, तो उसे सबसे पहले किस कठिनाई का सामना करना पड़ता है, और क्यों ?

(ख) 'हम लोग कच्ची मिट्टी की मूर्ति के समान रहते हैं।' पंक्तियों से लेखक का क्या अभिप्राय है ?

(ग) किन लोगों का साथ हमारे लिए बुरा है, और क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) ‘ऐसे लोगों का साथ और भी बुरा है।’ किनके लिए कहा गया है ? और क्यों?<br>(ङ) घोड़े का उदाहरण क्यों दिया गया है ? समझाइये। | |
| | **(मुक्त पाठ)**<br>**(*कृपया सुनिश्चित करें कि इस विषय का मुक्त पाठ इस प्रश्न पत्र के साथ उपलब्ध है)**<br>**विषय : स्वाधीनता आंदोलन में महिलाओं का योगदान ( 5+5)** | |
| 2a | सन्तान हीन होन पर भी रानी चेन्नमा ने अंग्रेजों से कैसे लोहा लिया? इतिहास के परिप्रेक्ष्य में विवेचना कीजिये। | 5 |
| 2b | स्वाधीनता आन्दोलन की सफलता में महिलाओं का आत्मविश्वास और स्वावलम्बन कैसे सहायक बना ? | 5 |
| | **खण्ड ख( व्यावहारिक व्याकरण )** | |
| 3 | (क) निम्नलिखित शब्दों के वर्ण–विच्छेद कीजिए :<br>(1) बरसात (2) वृक्ष<br>(ख) निम्नलिखित शब्दों में से उस शब्द को चुनिए, जिसमें अनुस्वार का प्रयोग होता है :<br>सत्सग, गवार<br>(ग) निम्नलिखित शब्द में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग कर शब्द को दुबारा लिखिए :<br>माद<br>(घ) निम्नलिखित शब्द में उचित स्थान पर नुक्ते का प्रयोग कीजिए :<br>फिल्म | 5 |
| 4 | (क) निम्नलिखित शब्दों में सन्धि कीजिए :<br>(1) लघु+ उत्तर (2) सुर+ ईश<br>(ख) निम्नलिखित शब्दों में सन्धिविच्छेद कीजिए :<br>(1) न्यून (2) मदोन्मत | 4 |
| 5 | (क) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्दों एवं उपसर्गों को अलग – अलग करके लिखिए:<br>(1) निराधार (2) प्रतिद्वंद्वी<br>(ख) निम्नलिखित शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय को अलग – अलग करके लिखिए:<br>सामाजिक<br>(ग) निम्नलिखित में विरामचिह्न लगाइए:<br>(1) माँ ने कहा सरल सहज और सादा जीवन हमें प्रकृति से जोड़ता है<br>(2) कठिन परिश्रम करो परीक्षा निकट है<br>(3) वार्षिक परीक्षा कब से है | 6 |
| | **खण्ड ग ( पाठ्य–पुस्तक )** | |
| | **पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1 )** | |
| 6(i) | स्वार्थसिद्धि को उकसाना बुरा क्यों बताया गया है ?‘धर्म की आड़’ पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। | 2 |
| (ii) | नदी किनारे के कीचड़ के टुकड़े ज्यादा गरमी में कैसे दिखाई देते हैं? ‘कीचड़ का काव्य’ पाठ के आधार पर लिखिए। | 2 |
| (iii) | लेखक के अनुसार देश के सभी शहरों का हाल कैसा है ? ‘धर्म की आड़’ पाठ के आधार पर लिखिए। | 1 |
| 7 | वाद्ययंत्रों की ध्वनियों के अध्ययन द्वारा रामन ने क्या सिद्ध किया था और क्यों? ‘वैज्ञानिक चेतना के वाहक’ पाठ | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | के आधार पर लिखिए। | |
| | 8 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(2+2+1)**<br>सन् 1934-35 में गांधीजी वर्धा के महिला आश्रम में और मगनवाड़ी में रहने के बाद अचानक मगनवाड़ी से चलकर शेगाँव की सरहद पर एक पेड़ के नीचे जा बैठे। उसके बाद वहाँ एक-दो झोपड़े बने और फिर धीरे-धीरे मकान बनकर तैयार हुए, तब तक महादेव भाई दुर्गा बहन और चि.नारायण के साथ मगनवाड़ी में रहे। वहीं से वे वर्धा की असह्य गरमी में रोज़ सुबह पैदल चलकर सेवाग्राम पहुँचते थे। वहाँ दिनभर काम करके शाम को वापस पैदल आते थे। जाते-आते पूरे 11 मील चलते थे। रोज़-रोज़ का यह सिलसिला लंबे समय तक चला। कुल मिलाकर इसका जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, उनकी अकाल मृत्यु के कारणों में वह एक कारण माना जा सकता है।<br>प्रश्न<br>(क) महादेव भाई की अकाल मृत्यु का क्या कारण था ?<br>(ख) किस बात से सिद्ध होता है कि महादेव भाई अथक परिश्रम से नहीं डरते थे ?<br>(ग) महादेव भाई मगनवाड़ी में किसके साथ रहे ? | 5 |
| | | **पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1)** | |
| | 9(i) | कौन सा डर सच्चाई में बदल गया और कैसे ? 'एक फूल की चाह' कविता के आधार पर लिखिए। | 2 |
| | (ii) | ''गीत-अगीत'' कविता के आधार पर बताइए कि प्रेमी हृदय किस बात की आशा करता है? | 2 |
| | (iii) | घरेलू स्तर पर जो उद्योग चलाए जाते हैं, उन्हें क्या कहते हैं ? 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता के आलोक मं लिखिए। | 1 |
| | 10 | 'अग्निपथ' कविता में 'राह में न मुड़ने और न रुकने' की आशा कवि किससे कर रहे हैं और क्यों ? स्पष्ट कीजिए। | 5 |
| | 11 | 'विश्व - एकता एवम् सांप्रदायिक सद्भाव 'हामिद खाँ' कहानी के मुख्य स्वर हैं। पाठ से उदाहरण देते हुए अपने जीवन में प्रयोग करने हेतु कुछ बिन्दुओं का उल्लेख कीजिये। | 5 |
| | | **खण्ड घ ( लेखन )** | |
| | | दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर लगभग **80 से 100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। | |
| | 12 | <u>दिल्ली की यमुना</u><br>यमुना का परिचय<br>प्रदूषित नदी<br>उपाय | 5 |
| | | **अथवा** | |
| | | कबीर की बातें<br>• कबीर कौन?<br>• मुख्यसीखें<br>• समाज पर प्रभाव | 5 |
| | | **अथवा** | |
| | | गणवेश (स्कूल ड्रेस) का महत्त्व<br>• गणवेश का तात्पर्य | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • समानता की सूचक<br>• अनुशासन | |
| | 13 | ग्रीष्मावकाश में विद्यालय द्वारा चलाए जा रहे साक्षरता अभियान में भाग लेने की अनुमति माँगते हुए पिताजी को पत्र लिखिए। | 5 |
| | 14 | *दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने मन में उभरे विचारों को* **20-30***शब्दों मेंअपनी भाषा में प्रस्तुत कीजिए। विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप में चित्र से ही सम्बद्ध होना चाहिए।*<br> | 5 |
| | 15 | बढ़ते हुए अपराध को लेकर दो लड़कियों के बीच बातचीत पर लगभग 50 शब्दों में संवाद लिखकर अपने विचार प्रकट कीजिए। | 5 |
| | 16 | 'सौम्य' शैम्पू के लिए एक विज्ञापन20-25 शब्दों मे तैयार कीजिए। | 5 |
| | | | |
| | | -o0o0o0o- | |